# सामाजिक न्याय पर संगोष्ठी का आयोजन




**गंगरार।** मेवाड़ विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय के वर्तमान परिदृश्य, चुनौतियो एवं समाधानों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । के. सी शर्मा ने सामाजिक न्याय पर विस्तार से चर्चा की। महिला सुरक्षा एवं सलाहकेन्द्र की परामर्शदाता भारती गहलोत ने महिलाओं से सम्बंधित सामाजिक न्याय व चुनोतियो पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में आये राजस्थान सोशियोलॉजी संघ के अध्यक्ष एस. सी. राजोरा, जिस्ट्रार डॉ. वेंकट वी.पी.आर. पी, अनुसंधान संकाय के अध्यक्ष प्रो. आर. के. पालीवाल , मानविकी, सामाजिक विज्ञान व ललित कला अध्यक्षा प्रो. चित्रलेखा सिंह, संगोष्ठी संयोजक डॉ. रविन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

# सामाजिक न्याय विषय पर संगोष्ठी आयोजित

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मानविकी, सामाजिक विज्ञान एवं ललित कला संकाय, मेवाड़ विश्वविद्यालय व प्रयास संस्था के संयुक्त तत्वाधान में मेवाड़ विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय के वर्तमान परिदृश्य, चुनोतियो एवं समाधानों पर बुधवार को संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संस्थानों से आये अतिथियों ने सामाजिक न्याय के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआता सरस्वती पूजा, दीप प्रज्वलन व विश्वविद्यालय के कुलगीत गान के साथ किया गया। के. सी शर्मा ने सामाजिक न्याय पर विस्तार से चर्चा के साथ महिला सुरक्षा एवं सलाहकेन्द्र की परामर्शदाता भारती गहलोत ने महिलाओं से सम्बंधित सामाजिक न्याय व चुनोतियो पर प्रकाश डाला।

# सामाजिक न्याय के वर्तमान परिदृश्य चुनौतियों एवं समाधानों पर चर्चा की

**चित्तौड़गढ़** | मेवाड़ विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय के वर्तमान परिदृश्य, चुनौतियों एवं समाधानों पर एक संगोष्ठी का आयोजन मानविकी सामाजिक विज्ञान एवं ललित कला संकाय मेवाड़ विश्वविद्यालय व प्रयास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप सेमिनार हॉल में हुई।

केसी शर्मा ने सामाजिक न्याय पर विस्तार पर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की परामर्शदाता भारती गहलोत ने महिलाओं से संबंधित सामाजिक न्याय व चुनौतियों पर, राजस्थान सोशियोलॉजिस्ट संघ अध्यक्ष श्री एससी राजोरा एवं अर्पण सेवा संस्थान की समन्वयक ने लैंगिक असमानता एवं सामाजिक स्वास्थ्य से संबंधित समकालीन मुद्दों पर चर्चा की। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ वेंकट, अनुसंधान संकाय के अध्यक्ष प्रो. आरके पालीवाल, मानविकी सामाजिक विज्ञान व ललित कला अध्यक्ष प्रो. चित्रलेखा सिंह, संगोष्ठी संयोजक डॉ रविन्द्र कुमार एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# सामाजिक न्याय पर संगोष्ठी का आयोजन

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com



गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में बुधवार को सामाजिक न्याय वर्तमान परिदृश्य पर आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अतिथि।

**गंगरार.** मेवाड़ विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय के वर्तमान परिदृश्य, चनौतियों एवं समाधानों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मानविकी, सामाजिक विज्ञान एवं ललित कला संकाय, मेवाड़ विश्वविद्यालय व प्रयास संस्था के संयुक्त तत्वाधान में मेवाड़ विश्विद्यालय के महाराणा प्रताप सेमिनार हॉल में किया गया। प्रदेश के विभिन्न संस्थानों से आए अतिथियों ने सामाजिक न्याय के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती पूजा, दीप प्रज्ज्वलन व विश्विद्यालय के कुलगीत गान के साथ किया गया। केसी शर्मा ने सामाजिक न्याय पर विस्तार से चर्चा की साथ महिला सुरक्षा एवं सलाहकेन्द्र की परामर्शदाता भारती गहलोत ने महिलाओं से सम्बंधित सामाजिक न्याय व चुनोतियो पर प्रकाश डाला। राजस्थान सोशियोलॉजिक संघ के अध्यक्ष एससी राजोरा एवं अर्पण सेवा संस्थान की समन्वयक ने लैंगिक असमानता एवं सामाजिक स्वास्थ्य से सम्बंधित समकालीन मुद्दों पर चर्चा की।

संगोष्ठी में मेवाड़ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वेंकट वीपीआर पी अनुसंधान संकाय के अध्यक्ष प्रो. आरके पालीवाल, मानविकीए सामाजिक विज्ञान व ललित कला अध्यक्षा प्रो. चित्रलेखा सिंह, संगोष्ठी संयोजक डॉ. रविन्द्र कुमार एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।